दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा आज दरभंगा और मुजफ्फरपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस दो अस्पतालों का उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य में दाखिल–खारिज और परिमार्जन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अंचलाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

03. मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया। राजधानी पटना सहित अठारह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

04. और, आज गणेश चतुर्थी है। भक्तिपूर्ण माहौल में श्रद्धालु भगवान गणेश की कर रहे हैं पूजा–अर्चना।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा आज दरभंगा और मुजफ्फरपुर में दो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालों का उद्घाटन करेगें। श्री नड्डा आज दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल परिसर में बने दो सौ दस बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहेंगे। श्री नड्डा दरभंगा के एकमी शोभन में प्रस्तावित एम्स के स्थल निरीक्षण भी करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री पीएमसीएच के निर्माण कार्य की प्रगति का भी जायजा लेंगे। पांच हजार चार सौ बिस्तरों के साथ यह विश्व का दूसरा सबसे बडा अस्पताल होगा। श्री नड्डा पटना में तख्त श्री हरि मंदिर साहिब भी जायेंगे। इधर, कल पटना के श्री नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान सह नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया। साथ ही श्री नड्डा ने आठ सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि आईजीआईएमएस में दो हजार पाँच से दो हजार चौबीस के बीच अभूतभूर्व बदलाव हुआ है।

–––बाईट–––

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। उनका प्रयास है कि लोगों को अपने राज्य में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके।

———बाईट———

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने पटना में पार्टी की प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में कहा कि प्रदेश में एनडीए सरकार विकास योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पार्टी की सदस्यता अभियान की चर्चा करते हुये कहा कि पार्टी के प्रति आम लोगों का विश्वास बढ़ा है, इसी कारण बड़ी संख्या में लोग भाजपा की नीति और कार्यक्रमों से जुड़ रहे हैं। श्री नड्डा ने मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान को लेकर पद यात्रा की भी सलाह दी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जिले में घुघड़ी टांड से विष्णुपद मंदिर को जोड़ने वाले पाथवे का शुभारंभ करेंगे। श्री कुमार एकीकृत जल निकासी कार्य का भी लोकार्पण करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

———————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने दाखिल—खारिज और परिमार्जन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अंचलाधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को दाखिल—खारिज और परिमार्जन के कार्यों का अंचलवार निरीक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन दोनों सेवाओं के आधार पर अंचलवार रैंकिंग तैयार की जायेगी और खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि दाखिल—खारिज और परिमार्जन में प्रगति से जमीन सर्वेक्षण में काफी मदद मिलेगी।

———————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के संबंध में पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल की ओर से इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़, जे.बी. पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले में पहले से लंबित राज्य सरकार की याचिका के साथ ही राजद की याचिका को भी संलग्न कर लिया है। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय ने प्रदेश में आरक्षण की सीमा पचास फीसदी से बढ़ाकर पैंसठ फीसदी करने के राज्य सरकार के

फैसले को रद्द कर दिया था। राज्य सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण के आधार पर आरक्षण की सीमा में बदलाव किया था।

---

प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में सात हजार दो सौ उनासी विशेष शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग जल्द ही बीपीएससी को अधियाचना भेजेगा। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को रोस्टर क्लियरेंस करने के निर्देश दिये हैं।

---

गृह विभाग ने ड्रोन संचालन के लिए नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किये हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के ड्रोन उड़ाने के लिए निबंधन अनिवार्य है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर निबंधन कराये बिना ड्रोन संचालन नहीं किया जा सकता है। वहीं, दो सौ पचास ग्राम से अधिक वाले नेनो ड्रोन का परिचालन करने के लिए ड्रोन रिमोर्ट पायलट प्रमाण पत्र जरूरी है।

---

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———बाईट———

यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। दस दिन तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान प्रथम पूज्य की पूजा–अर्चना करते हैं। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर तरफ भक्ति का माहौल है। गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———बाईट———

---

और अब खबरें पेरिस में पैरालिंपिक से। पैरालिंपिक खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रही। कल प्रवीण कुमार ने हाई जम्प स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। और ब्योरा दे रहीं हैं हमारी संवाददाता।

———बाईट———

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार दस सितम्बर तक राज्य में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी रहेंगी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, इस अवधि में राजधानी पटना सहित अठारह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से अस्सी नये मामले सामने आये हैं। इसमें सबसे अधिक अड़तीस मरीज पटना से मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार छह मामले सामने आ चुके हैं।

---

विश्व बैंक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज नेटवर्क के सफल संचालन के लिए पटना और छपरा को छप्पन करोड़ रूपये का अतिरिक्त अनुदान देगा। राज्य के दौरे पर आये विश्व बैंक और नमामि गंगे परियोजना के अधिकारियों की टीम के सदस्यों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक ने प्रदर्शन आधारित इंसेंटिव ग्रांट के तहत पटना और छपरा का चयन किया है। इसके अलावा अनुसंधान और अध्ययन के लिए भी अनुदान दिया जायेगा। गौरतलब है कि टीम ने दो से छह सितम्बर तक भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय और पटना में नमामि गंगे के अन्तर्गत चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया।

---

पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी की फेक्ट चेक इकाई ने फाईव–जी मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर फर्जी वेबसाइट के खिलाफ चेतावनी जारी की है। यह फर्जी वेबसाइट बीएसएनएल के आधिकारिक के नाम पर लोगों के व्यक्तिगत ब्यौरों की मांग कर रही है। फेक्ट चेक इकाई ने बताया कि फर्जी वेबसाइट बीएसएनएल टावर इंडिया डॉट कॉम लोगों से फाईव–जी टावर लगवाने के नाम पर प्रार्थना पत्र मंगवा रही है। पीआईबी ने पाया कि यह बीएसएनएल से जुडी नही है और इकाई ने ऐसे संदिग्ध वेबसाइट के खिलाफ आगाह किया है।

---

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट के पास से पुलिस ने एक बस में सवार व्यक्ति के पास से ग्यारह क्विंटल से अधिक के चांदी के आभूषण बरामद किये हैं। इन आभूषणों की अनुमानित कीमत एक करोड़ रूपये है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के माघोपुर सुस्ता समेत आस–पास के पंचायतो में गिदड़ के हमले से सात बच्चों समेत बारह लोग घायल हुये हैं। वन विभाग की टीम गिदड़ को पकड़ने में लगी हुई है।

---

शिवहर जिले के तरियानी थाने की पुलिस ने सलेमपुर गांव के मलाही टोला में छापेमारी कर तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पटना में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के उद्‌घाटन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– सूबे में नौ मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है–पुराने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में होंगे ढ़ाई हजार बेड।

दैनिक भास्कर ने पेरिस पैरालिंपिक खेल से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पैंरालिंपिक में पहली बार हमारे छह स्वर्ण।

प्रभात खबर ने राजभवन के आदेश का शीर्षक बनाया है– वरिष्ठों की अनदेखी कर नहीं बनाये कनीय को प्रभारी पदाधिकारी।

आज अखबार लिखता है– नौ विश्वविद्यालयों में परीक्षा नियंत्रकों की नियुक्ति।

राष्ट्रीय सहारा ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को तरजीह देते हुये लिखा है– कमल चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करेंगी भाजपा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा आज दरभंगा और मुजफ्फरपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस दो अस्पतालों का उद्‌घाटन करेंगे।

02. राज्य में दाखिल–खारिज और परिमार्जन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अंचलाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

03. मौसम विभाग ने आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया। राजधानी पटना सहित अठारह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

04. और, आज गणेश चतुर्थी है। भक्तिपूर्ण माहौल में श्रद्धालु भगवान गणेश की कर रहे हैं पूजा–अर्चना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।